प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- देश व प्रदेश में श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है रक्षाबंधन का त्यौहार।
- कोलकाता प्रकरण को लेकर कल भी जारी रहेगी डॉक्टरों की हड़ताल– आपातकालीन सेवाओं पर असर नहीं।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने अनेक स्कूलों को बंद करने के निर्णय पर की राज्य सरकार की आलोचना।
- लंबित एरियर व डीए का भुगतान न होने से कर्मचारियों में रोष– आंदोलन की दी चेतावनी।

रक्षाबंधन

भाई–बहन के पवित्र प्रेम व अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व आज देश सहित प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी समृद्धि, स्वास्थ्य व कल्याण के लिए प्रार्थना की। वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा और मदद का वचन दिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों को शुभकामनाएँ दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार भाइयों और बहनों के बीच अनूठे बंधन का उत्सव है जो प्यार और आपसी विश्वास की भावनाओं को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कामना की कि, ये पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख–समृद्धि व सौभाग्य लेकर आए। विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने आज शिमला के राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि ये त्यौहार भाई–बहन के प्रेम का प्रतीक है और ये हमें उच्च परंपराओं व मूल्यों से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने इस मौके पर मौजूद लोगों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कामना की है कि ये पावन पर्व आपके जीवन को आलोकित करे।

कोलकाता दुष्कर्म–पीएम

पदम पुरस्कारों से सम्मानित 70 से अधिक डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन डॉक्टरों ने कहा है कि क्रूरता की ऐसी घटनाएं चिकित्सा क्षेत्र की सेवाओं को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया।

हड़ताल

इस बीच प्रदेश में आज भी डॉक्टरों की हड़ताल जारी रही। ओ.पी.डी. में डॉक्टर न मिलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि आपातकालीन सेवाएं चल रही हैं। राज्य चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राणा ने बताया कि भारतीय चिकित्सा संघ के आह्वान पर देशभर में डॉक्टर हड़ताल पर हैं और कोलकाता प्रकरण को लेकर अपना विरोध जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा ज़रूरी है और राज्य स्तर पर स्टेट हैल्थ प्रोटैक्शन एक्ट लागू किया जाना चाहिए। इस बीच राज्य के चिकित्सा अधिकारी संघ की आज एक वर्चुअल बैठक हुई जिसमें कल 20 अगस्त को भी हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है। संघ के महासचिव डॉक्टर विकास ठाकुर ने बताया कि इस दौरान ओ.पी.डी. सेवाएं बंद रहेंगी और सिर्फ आपातकालीन सेवाएं ही प्रदान की जाएंगी।

राजस्व मंत्री

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले में पूह विकास खंड की आकपा पंचायत में 21 लाख रूपये से बने वन विश्राम गृह का उद्‌घाटन किया। उन्होंने वन विभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव में भी शिरकत की और पौधरोपण किया। जगत सिंह नेगी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्‌वान किया। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है और बरसात के मौसम में लाखों पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जनजातीय विकास मंत्री ने बताया कि रिब्बा पंचायत में 20 करोड़ रूपये की लागत से सीवरेज योजना का कार्य चल रहा है और पंगी पंचायत में भी सीवरेज के लिए 11 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

बुटेल

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने आज पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में भारी वर्षा से प्रभावित हुए इलाकों का दौरा कर नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्रदेशभर में भारी वर्षा से जानमाल को काफी क्षति पहुंची है। बुटेल ने भूस्खलन प्रभावित परिवारों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार आपदा प्रभावितों की मदद के लिए दृढ़ संकल्प है और नुकसान का आकलन कर सभी को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

भाजपा अभियान

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देश पर प्रदेश में पार्टी का सदस्यता अभियान जल्द शुरू होगा। पार्टी के प्रदेश महासचिव बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि सदस्यता अभियान को लेकर 22 अगस्त को सुंदरनगर में पार्टी की एक बैठक होगी, जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश में सदस्यता अभियान की प्रभारी रेखा वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहेंगी। उन्होंने कहा कि इस बैठक में प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह–प्रभारी संजय टंडन, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और पार्टी के सांसदों और विधायकों सहित अन्य पदाधिकारी भी भाग लेंगे।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने अनेक स्कूलों को बंद करने के निर्णय पर राज्य सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां सरकार असंवैधानिक रूप से मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति कर करोड़ों रूपये खर्च कर रही है वहीं बच्चों से शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं छीनी जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि लाहौल–स्पिति ज़िले में स्कूलों को डिनोटिफाई करना किसी भी सूरत में न्यायोचित नहीं है और सरकार को ऐसे फैसले लेने से पहले अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्कूल में प्रवेश शून्य है तो सरकार को उस स्कूल को बंद करने की बजाय प्रवेश न होने के कारणों का पता लगाना चाहिए। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद से राज्य सरकार ने बदले की भावना से सैंकड़ों संस्थान बंद कर दिए हैं, जिसका लोगों पर सीधा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि लाहौल–स्पिति जैसे दुर्गम क्षेत्रों में स्कूलों को मर्ज करना आसान नहीं है, क्योंकि छोटे बच्चों के लिए लंबा सफर तय करना संभव नहीं है। विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य सरकार को फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाना चाहिए और जनहित में खोले गए स्कूलों को बंद करना सही नहीं है। जयराम ठाकुर ने आई.जी.एम.सी. शिमला के कन्या छात्रावास से एक युवक के गिरकर मरने के मामले में कहा कि इस पूरे मामले में सुरक्षा में चूक हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को छात्रावासों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

एरियर

प्रदेश में कर्मचारियों को लंबित एरियर और डीए का भुगतान न होने से कर्मचारियों में रोष है और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ आवाज़ बुलंद कर दी है। सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ ने 21 अगस्त से सरकार के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान किया है और वन विभाग कर्मचारी महासंघ ने भी इसका समर्थन किया है। वन विभाग कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रकाश बादल ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के नाम पर कर्ज़ ले रही है, लेकिन उन्हें लंबित वित्तीय देनदारियों का भुगतान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आखिर ये पैसा कहां जा रहा है इस बारे में राज्य सरकार को श्वेत पत्र जारी कर पैसों का हिसाब बताना चाहिए।

प्रकाश बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री कर्मचारियों को मिलने का समय नहीं दे रहे हैं और अब उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। महासंघ के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार नई भर्तियां नहीं कर रही है और सेवानिवृत लोगों को फिर से नौकरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वन विभाग में लगभग 3 सौ वन रक्षक फील्ड का काम छोड़ दफ्तरों का काम देख रहे हैं। इसके अलावा वन रक्षकों पर बढ़ते काम क बोझ के कारण होशियार सिंह मर्डर जैसे मामले सामने आ रहे हैं।

संस्कृत दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में नरेंद्र मोदी ने उन सभी लोगों को बधाई दी जो संस्कृत भाषा के प्रति समर्पित हैं और इसे बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।

केवल सिंह पठानिया

विधानसभा में उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज कांगड़ा ज़िले में द्रमण सब्जी मंडी के निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इस संबंध में सभी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाहपुर क्षेत्र में सब्जी मंडी खुलने से रोज़गार के अवसर सृजित होंगे और किसानों व बागवानों को सुविधा मिलेगी। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि फोरलेन से द्रमण में कई दुकानदार प्रभावित हुए हैं और ये सब्जी मंडी उनके लिए भी वरदान साबित होगी।

इग्नू

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने स्नातकोत्तर, स्नातक डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में जुलाई 2024 सत्र के लिए नए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ा दी है। इसके अलावा पहले पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए उनके आगामी सत्रों में पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि भी 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है।

अमरनाथ यात्रा

जम्मू–कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा आज सम्पन्न हो गई। इस वर्ष देशभर से पांच लाख से अधिक लोगों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। 43 दिनों तक चलने वाली इस वर्ष की श्री अमरनाथ जी की तीर्थ यात्रा का आज श्रावण पूर्णिमा के शुभ अवसर पर औपचारिक समापन हो गया। इस वर्ष यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की तादाद कई वर्षों के बाद काफी ज्यादा दर्ज की गई।

मौसम

शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज मॉनसून की वर्षा हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन और ऊना ज़िले के अनेक स्थानों पर गरज के साथ भारी वर्षा की संभावना जताई है। इसके अलावा अगले 2 दिन कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- देश व प्रदेश में श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है रक्षाबंधन का त्यौहार।
- कोलकाता प्रकरण को लेकर कल भी जारी रहेगी डॉक्टरों की हड़ताल– आपातकालीन सेवाओं पर असर नहीं।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने अनेक स्कूलों को बंद करने के निर्णय पर की राज्य सरकार की आलोचना।
- लंबित एरियर व डीए का भुगतान न होने से कर्मचारियों में रोष– आंदोलन की दी चेतावनी।

..........................................................................................................................................